समाचार

# स्लम स्वास्थ्य योजना से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें–आयुक्त

## (आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने बैठक लेकर योजना के क्रियान्वयन तथा प्राप्त परिणामों की समीक्षा की)



कोरबा 11 जून 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वयन एजेंसी तथा निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों, वार्डो में पहुंचने वाली मोबाईल मेडिकल यूनिट में लोग पहुंचकर अपनी बीमारियों की निःशुल्क जांच व इलाज कराएं, उनका समुचित उपचार हों, इस हेतु संबंधित वार्डो एवं बस्तियों में मुनादी के माध्यम से प्रतिदिन प्रचार प्रसार कराएं।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वयन एजेंसी बाब्या हेल्थ सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड विजयवाड़ा के प्रतिनिधियों, सहायक परियोजना प्रबंधकों एवं इस योजना से जुड़े निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर योजना के क्रियान्वयन, अब तक प्राप्त परिणामों आदि की समीक्षा की। आयुक्त श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इस योजना से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों, यह हमारा नैतिक दायित्व बनता है। यहां उल्लेखनीय है कि 06 नवम्बर 2020 से इस योजना की शुरूआत की गई थी, जिसके तहत 10 जून 2021 तक निगम के सभी 08 जोन स्थित वार्डो में 1187 शिविर मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से संचालित किए गए हैं तथा 52690 हितग्राही इस योजना का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। योजना के अंतर्गत 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट निगम क्षेत्र में कार्य कर रही है, जो निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्डो में नियत स्थानों पर पहुंचकर प्रातः 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक

मरीजों की निःशुल्क जांच, इलाज एवं उन्हें दवाईयां प्रदान कर रही हैं। आयुक्त श्री शर्मा ने योजना क्रियान्वयन व प्राप्त परिणामों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का और अधिक प्रचार प्रसार किया जाए तथा जिस वार्ड में मोबाईल यूनिट पहुंचती है, उस वार्ड व उससे संलग्न क्षेत्रों में मुनादी के माध्यम से लोगों को मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंचने की सूचना दी जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इन शिविरों में पहुंचे तथा शासन की इस महती योजना का लाभ उठाएं। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि योजना का लाभ वास्तविक रूप से लोगों को मिले, शिविर में पहुंचने वाले प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकतानुसार निःशुल्क जांच व उचित इलाज किया जाए, शिविर में पहुंचने वाले नागरिकों से सम्मानजनक व्यवहार हों तथा उन्हें अनावश्यक असुविधा न हों, यह सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता ए. के.शर्मा, सहायक नोडल अधिकारी आकाश अग्रवाल, हेमंत गभेल, बाब्या हेल्थ सर्विसेज प्रा.लि. विजयावाडा के को–आर्डिनेटर आलोक दुबे, सहायक परियोजना प्रबंधक पारिजात दुबे, शाहनवाज शेख, कुलदीप यादव, गायत्री कंवर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।